# परियोजनाओं को मार्च 2027 तक पूरा करें

## केंद्रीय सचिव ने जनजातीय विभाग की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 9 जनवरी. जनजातीय कार्य विभाग की सभी परियोजनाओं एवं योजनाओं को मार्च-2027 तक पूर्ण किया जाये. प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के लाभार्थियों का अलग से डाटा तैयार किया जाये.**



केन्द्रीय सचिव जनजातीय कार्य मंत्रालय रंजना चोपड़ा ने यह बात शुक्रवार को मंत्रालय में मप्र जनजातीय कार्य की समीक्षा बैठक के दौरान कही. उन्होंने मप्र सरकार के सांदीपनी विद्यालय की इस पहल की सराहना की. अधोसंरचनात्मक कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करने के भी निर्देश दिये. केन्द्रीय सचिव चोपड़ा को प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. समीता राजौरा ने अनुसूचित जाति-जनजाति की कलाकृति भेंट की. केन्द्रीय सचिव ने पीएम जनमन के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये सबको पक्का घर, गांव-गांव तक सड़क, हर घर नल से जल, मोबाइल मेडिकल यूनिट, छात्रावास, आंगनवाड़ी केन्द्र, वन धन विकास केन्द्र, बहुउद्देश्यीय केन्द्र, हर घर बिजली-ऑनग्रिड एवं ऑफग्रिड एवं मोबाइल कनेक्टिविटी के लक्ष्य और उसकी प्रगति की समीक्षा की.

> समीक्षा के दौरान केन्द्रीय सचिव ने प्रदेश में किये जा रहे पीएम जन-मन योजना के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से जनजाति वर्ग को दोहरा लाभ होगा. उन्होंने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजनाओं में सेचुरेशन की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की. उन्होंने धरती आबा अभियान का लक्ष्य मार्च-2029 तक पूर्ण करने के भी निर्देश दिये.

# भोपाल में दो दिनी स्टार्टअप समिट कल से

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 9 जनवरी. भोपाल में 11-12 जनवरी को स्टार्टअप समिट का आयोजन किया जाएगा. समिट में स्टार्टअप्स, नवोन्मेषकों, उद्यमियों, निवेशकों, इनक्यूबेटर्स तथा स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े सभी भागीदार हिस्सा लेंगे.**

समिट में मप्र स्टार्टअप नीति 2025 के बारे में भागीदारों को पूरा ब्यौरा दिया जाएगा. नीति के तहत पात्र स्टार्टअप्स को मान्यता प्राप्त इनक्यूबेशन तंत्र के माध्यम से 30 लाख रुपये तक का सीड फंड उपलब्ध कराया जाएगा. विकास पूंजी तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए राज्य शासन द्वारा 100 करोड़ रुपये का स्टार्टअप वेंचर कैपिटल फंड स्थापित किया गया है. इस फंड के माध्यम से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स में वैकल्पिक निवेश कोष के जरिए निवेश किया जाएगा, जिससे नवाचार आधारित उद्यमों को आवश्यक पूंजी समर्थन मिल सके. स्टार्टअप्स को निवेश अथवा ऋण सहायता के रूप में 15 प्रतिशत तक अधिकतम 15 लाख की सहायता दी जाएगी, जबकि महिला-स्वामित्व वाले स्टार्टअप्स के लिए यह सहायता 18 प्रतिशत तक अधिकतम 18 लाख रुपये निर्धारित की गई है. इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत स्टार्टअप्स को पांच वर्षों तक क्रेडिट गारंटी शुल्क की प्रतिपूर्ति तथा बैंक ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ भी मिलेगा. आयुक्त एमएसएमई दिलीप ने स्टार्टअप्स, उद्यमियों, निवेशकों, स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े सभी भागीदारों से राज्य सरकार द्वारा आयोजित की जा रही.

> आगामी स्टार्टअप इकोसिस्टम पहलों एवं आयोजनों में सक्रिय सहभागिता के लिए आग्रह किया है. आयुक्त कुमार ने कहा कि स्टार्टअप्स नवाचार-आधारित विकास, रोजगार सृजन एवं मूल्य निर्माण की रीढ़ हैं. उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विकास के विभिन्न चरणों में कार्यरत संस्थापकों से आगे आकर राज्य के तेजी से विकसित हो रहे स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़ने का आग्रह किया. उन्होंने कहा है कि मप्र एक जीवंत, समावेशी एवं भविष्य-उन्मुख स्टार्टअप इकोसिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है. राज्य एवं देशभर के स्टार्टअप्स से अपेक्षा की गई है कि वे सक्रिय रूप से सहभागिता करें, अपने नवाचारों का प्रदर्शन करें.

# आज होगा खुरई में विकास कार्यों का लोकार्पण

**भोपाल, 9 जनवरी.** मुख्यमंत्री का 10 जनवरी को सागर जिले के खुरई में 312 करोड़ की लागत के 86 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे. इसमें 165 करोड़ की लागत के 38 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 147 करोड़ की लागत के 48 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है. मुख्यमंत्री कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में हितलाभ वितरित करेंगे. साथ ही कार्यक्रम स्थल पर विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे. खुरई प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव रोड-शो में शामिल होकर नागरिकों का अभिवादन करेंगे.

# नपा में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करेगी टीम

**मंडीदीप, 9 जनवरी. रायसेन जिले के मंडीदीप नगर पालिका में विभिन्न विभागों में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार को लेकर स्थानीय निवासियों की शिकायतों की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी.**



शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा से मिलकर आवास योजना, तहबाजारी में गोलमाल, अमृत-2 योजना में अनियमितताएं, सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निर्माण कार्यों में गड़बड़ी, कायाकल्प योजना में खामियां तथा घर बैठे वेतन लेने वाले कर्मचारियों के आरोप लगाए थे. इस शिकायत पर कलेक्टर ने डूडा की अधिकारी सुरेखा जाटव को जांच के निर्देश दिए थे. शुक्रवार को सुरेखा जाटव मंडीदीप नगर पालिका कार्यालय पहुंचीं, लेकिन आरोपों की गंभीरता और जांच के विस्तृत दायरे को देखते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि जल्द ही किसी सक्षम अधिकारी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम गठित की जाएगी, जो आरोपों की बारीकी से जांच और रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी.

**लोगों की नाराजगी:** शिकायतकर्ताओं का कहना है कि लंबे समय से नगर पालिका में अनियमितताएं चल रही हैं, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आम जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है. वे जांच टीम से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

> **कर्मचारियों में हड़कंप**
> इधर, रायसेन से जांच दल के आने की सूचना मिलते ही नगर पालिका कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई की. नगर पालिका कार्यालय के सामने लगने वाली फुटकर दुकानों (तहबाजारी) को अचानक हटा दिया गया. स्थानीय लोगों के अनुसार, मंगल बाजार में करीब 200 दुकानें लगती थीं, जिनसे नगर पालिका द्वारा नियमित वसूली की जाती थी. यह कदम जांच से बचने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है, ताकि तहबाजारी में कथित अनियमितताएं पकड़ में न आएं.

# खनिज चिंतन शिविर में मप्र ने दिया प्रेजेंटेशन

**भोपाल, 9 जनवरी.** गुजरात के गांधीनगर में 8 से 10 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय खनिज चिंतन शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को आयोजित सत्र में मप्र के खनिज संसाधन विभाग के प्रतिनिधिमंडल ने भूमि अनुसूचीकरण एवं भूमि अधिग्रहण विषय पर प्रेजेंटेशन दिया. इस अवसर पर संचालक, भूविज्ञान एवं खनन संचालनालय फ्रैंक नोबल ने राज्य के दृष्टिकोण, व्यावहारिक चुनौतियों तथा सुधारात्मक प्राथमिकताओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया. तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकारों के नेतृत्वकर्ता, नीति-निर्माता और विषय विशेषज्ञों ने आपसी सहयोग, पहुंच, सतत विकास तथा आत्मनिर्भर खनन पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर विचार-विमर्श किया. शिविर में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित विभिन्न राज्यों के खनन मंत्रियों ने सहभागिता की. मप्र खनिज संसाधन विभाग की प्रस्तुति में खनन परियोजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन, भूमि उपलब्धता की प्रक्रिया को सरल बनाने, राज्यों के अनुभवों को नीति निर्माण में समाहित करने तथा निवेश-अनुकूल वातावरण सृजित करने जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई.


## NAME CHANGE

I, TARANNUM AHMAD, resident of B-174 Indravihar colony near faiz masjid airport road,Tilak housing society, Bhopal (MP) that my husband sarfaraz Ahmad khan retired from Air Force , in his service record (service no. 725091-K,Rank- EX-SGT)my name TARANNUM NISHAT and my date of birth 15-11-1969 recorded, whereas my correct name is TARANNUM AHMAD and correct date of birth is 15-11-1957.In my husband Air Force Service Record /PPO my name TARANNUM AHMAD should be recorded in place of TARANNUM NISHAT and my correct date of birth 15-11-1957 should be recorded in place of the wrong date of birth 15-11-1969. Affidavit 05-01-2026

## नाम परिवर्तन

मैं, तरन्नुम अहमद निवासी- इ -174 इन्द्रबिहार कालोनी, फैज मस्जिद के पास एअरपोर्ट रोड, तिलक हाऊसिंग सोसाइटी भोपाल (मध्य प्रदेश) कथन करती हूँ कि मेरे पति सरफराज अहमद खान, वायु सेना से रिटायर्ड है जिनके सर्विस रिकार्ड (सर्विस नं. 725091-K, Rank- EX-SGT) में मेरा नाम तरन्नुम निशात एवं जन्मतिथि 15-11-1969 दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम तरन्नुम अहमद एवं जन्म तिथि 15-11-1957 है,मेरे पति के वायु सेना सर्विस रिकार्ड/PPO में तरन्नुम निशात के स्थान पर तरन्नुम अहमद एवं गलत जन्म तिथि 15-11-1969 के स्थान पर सही जन्म तिथि 15-11-1957 दर्ज किया जाये।
शपथ पत्र दिनाक 05-01-2026.

## संचालनालय राष्ट्रीय कैडेट कोर (राज्य कोष्ठ) मध्यप्रदेश
### पी-77 सुल्तानियां इंफेन्ट्री लाइन भोपाल
### (दूरभाष- 0755-2926566)

संचालनालय राष्ट्रीय कैडेट कोर (राज्य कोष्ठ) मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा किराए के वाहन हेतु जेम पोर्टल पर निविदा क्रमांक GEM/2025/B/7034039 आयोजित की गई है. इच्छुक संस्थाएं जेम की शर्तों के अनुसार उक्त निविदा में सम्मिलित हो सकते हैं.

G24110/25 — संयुक्त संचालक (राज्य), संचालनालय राष्ट्रीय कैडेट कोर


# एसआइआर में 559 के नाम नहीं, आपत्ति दर्ज

**बेगमगंज.** एसआईआर में सिलवानी विधानसभा क्षेत्र में 2003 की मतदाता सूची में 559 मतदाताओं के नाम नहीं होने से उन्होंने अब अपने नाम दर्ज कराने के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के सामने दावा - आपत्ति प्रस्तुत की है. बेगमगंज में 291 में 159 मतदाताओं ने पेश होकर मतदाता सूची में अपना दर्ज करने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए जबकि 72 मतदाता अनुपस्थित रहे एवं सिलवानी में 305 मतदाताओं में से 151 उपस्थित हुए जबकि 78 अनुपस्थित रहे.


## नाम परिवर्तन

मेरा पूर्व नाम गाथा वासनिक था उसे मैने परिवर्तित कर अपना नवीन नाम गाथा GATHA कर लिया है, अतः अब से मुझे गाया GATHA नाम से जाना व पहचाना जाय। यह कि में गाथा GATHA पुत्री अर्चना आयु 18 वर्ष वर्ष निवासी में नं ए-3, हिंगना रोड, महादा कॉलोनी, राजेन्द्र नगर जयंतला, नागपुर महाराष्ट्र 450016

**Government of Madhya Pradesh**
Office of Commissioner Cooperation And Registrar Cooperative Societies Ground Floor, Vindhyachal Bhavan Bhopal -462004, Madhya Pradesh

Tender Notice - GEM/2025/B/7050585
Date- 10.01.2026

The Office of Commissioner, Cooperation and Registrar Cooperatives Societies, Madhya Pradesh invites bid for purchase of 10(Ten) All in One Computers/Desktops as per specifications, terms and conditions mentioned in the tender document.

Selection of the bidder Shall Be Based on Lowest Financial Proposal(L1).

Interested Bidders are requested to visit the Government e-Marketplace (GeM) Portal (https://gem.gov.in/) to view detailed Bid information from 08/01/2026 onwards.

Last date of Bid submission will be 21 days from the date of publication of the bid on the GeM Portal.

Commissioner Cooperation and Registrar Cooperative Societies Department of Cooperation

G-24157/25

## कार्यालय नगर परिषद् बिलहरा जिला सागर

क्र./लो.नि./निविदा/2026/24 — बिलहरा, दिनांक 7/1/2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं. निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | टेंडर क्र जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_474171_1 8-1-2026 | वार्ड क्र. 06 में लाल मढ़िया तिगड्डा के पास बाउंड्रीवॉल पार्क सौन्दर्यीकरण एवं श्री कृष्ण रथ स्थापना प्लेटफार्म निर्माण कार्य. | 1.- 04 माह 2.- 11.22 लाख | 1.- 2000.00 2.- 8500.00 | 9/2/2026 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

(श्रीमती कमलेशरानी रमेश चढ़ार) अध्यक्ष बिलहरा जिला सागर — (के.बी.एस. बघेल) मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिलहरा जिला सागर

## कार्यालय नगर पालिक निगम (यांत्रिक विभाग) भोपाल
### निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 28 /यां.वि./2026 — भोपाल, दिनांक 8-1-2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर है.

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रु. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD -474298_1 | Repair Maintenance Work at Community hall Near Mrityunjay Mandir, Vijay Nagar W-06, Z-20. | 421588/- | 27-Jan-2026 | 5.30 P.M. |
| 2. | 2026_UAD _474282_1 | Repair and Maintenance Work at Christian Cemetary and Park Near Ganesh Mandir, Vijay Nagar, Lalghati W-06, Z-20 | 779439/- | 27-Jan-2026 | 5.30 P.M. |
| 3. | 2026_UAD _474228_1 | P/L Paver Block at Park Near Jain Nagar OHT and Asha Rai House to Vinay Jain House Jain Nagar W-06, Z-20. | 454560/- | 27-Jan-2026 | 5.30 P.M. |

नोट:- संशोधन वेबसाइट पर ही देखे जा सकेंगे. समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे.
नि.क्र. 2958/025/026 — कार्यपालन यंत्री (सिविल) नगर निगम भोपाल

## मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय: मोतीलाल ओसवाल टावर, रहमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025 । ईमेल: hfquery@motilaloaswal.com । सीआईएन नंबर: U65923MH2013PLC248741

### कब्जे की सूचना (अचल संपत्ति/संपत्तियों के लिए)

(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के अंतर्गत)

जबकि अधोहस्ताक्षरी मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (औपचारिक रूप से एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत, और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित दिनांक का डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें निम्नलिखित उधारकताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नीचे उल्लिखित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। निम्नलिखित उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसके द्वारा निम्नलिखित उधारकताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे उल्लिखित तिथि को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा ले लिया है।

| स. क्र. | ऋण अनुबंध संख्या / नाम उधारकर्ता /सह-उधारकर्ता/ गारंटर का | मांग सूचना की तिथि और बकाया | कब्जा प्राप्ति की तिथि | अचल संपत्ति का विवरण संपत्ति का वह अभिन्न अंग जिसमें शामिल हैं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LXGUN00316-170047922 और LXGUN00418-190071839 उधारकर्ताः रवि रघुवंशी सह-उधारकर्ताः प्रकाश सिंह रघुवंशी | 24.10.2025 के लिए रु. 545538/- | 05.01.2026 | सर्वेक्षण संख्या 1426/4/गा/1/min 2 पी.एच.एन. के भाग पर 22 वार्ड क्रमांक 2 शिव शक्ति नगर आरोन तहसील आरोन जिला गुना मध्य प्रदेश-473101 |
| 2 | LXMOGUNA721-220606478 ऋणकर्ताः लोकेश साहू सह-ऋणकर्ताः उषा बाई साहू | 24.10.2025 के लिए रु. 984333/- | 05.01.2026 | सर्वे क्रमांक 82/3/5 पटवारी हल्का नंबर 27 वार्ड क्रमांक 11, विजयपुर का क्षेत्रफल विज्ञापन माप 600 वर्ग फुट राघोगढ़ तहसील गुना राघोगढ़ भरसूला रोड राघौगढ़ 473226 गुना मध्य प्रदेश |
| 3 | LXGUN00316-170041593 और LXMOHOF1121-220629201 उधारकर्ताः विशाल किशोर कुमार सोमानी सह-उधारकर्ताः कृष्णा सोमानी | 11.10.2025 के लिए रु. 609744/- | 05.01.2026 | पी.एच. नं. 4, सीरियल नंबर 626/2min-1, वार्ड नंबर 5, क्षेत्रफल 0.512 हेक्टेयर, हनुमान मंदिर के पास, कुंभराज कुंभराज 473001 गुना, मध्य प्रदेश |

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन ऊपर उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।
उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

स्थानः मध्य प्रदेश
दिनांकः 10.01.2026 — अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। — एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड


### एक नजर में

## बच्चों को बताया वन, वन्यप्राणियों का महत्व

**बैरसिया, 9 जनवरी.** वन परिक्षेत्र बैरसिया अंतर्गत रतुआ बीट के जंगल बड़कुआ में शुक्रवार को अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन हुआ. वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय सिह राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश इको-पयर्टन विकास बोर्ड एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अनुभूति कार्यक्रम' मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव की ओर थीम पर आधारित था. कार्यक्रम में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल गुनगा के 120 छात्र छात्राओं ने भाग लिया. वन अनुभूति जागरूकता सत्र में सेवानिवृत्त उपवनमण्डलाधिकारी सुदेश वाघमारे ने विद्यार्थियों को जंगल का भ्रमण कराकर उन्हें पेड़-पौधों की पहचान, उनके औषधीय उपयोग और पर्यावरण में उनके महत्व की जानकारी दी. उन्होंने खाद्य श्रृंखला, जल संरक्षण, दीमक की बांबी तथा वन जीवों और वन प्राणियों की प्रजातियों के बीच अंतर को समझाया. इसके अतिरिक्त नदी नालों में जल प्रवाह व भू-जल संरक्षण की जानकारी दी गई. वहीं उप वनमण्डलाधिकारी धीरज सिंह चौहान ने उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकोंव अतिथियों को पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई. इस दौरान छात्रों में क्विज प्रतियोगिता ओर अन्य गतिविधियां कराई गई. जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर संजय सिह राजपूत वनपरिक्षेत्र अधिकारी सहित डिप्टी रेंजर, वनपाल सहित स्टॉफ मौजूद रहा.

## मुआवजा लेने के लिए भटक रहा ग्रामीण

**बैरसिया, 9 जनवरी.** नजीराबाद क्षेत्र के ग्राम खेरखेड़ी निवासी एक गरीब किसान बाबूलाल सिलावट का कच्चा मकान आग लगने से जलकर खाक हो गया था. बाबूलाल ने समस्त आवश्यक दस्तावेजों को जमा करने के साथ आठ माह पूर्व तहसील कार्यालय से उचित मुआवजे की मांग की थी. बाबूलाल सिलावट ने आवेदन की छाया प्रति देते हुए बताया कि 16 जून 2025 को आग से खाक हुए मकान की सहायता राशि के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था. पटवारी रविराज द्वारा जांच कर प्रतिवेदन तहसील में जमा कर दिया था. पटवारी ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया था कि तीन माह के भीतर मुआवजे की राशि बैंक खाते में जमा हो जाएगी. लेकिन आठ माह बीत जाने के बाद न राहत राशि मिली है और न ही स्पष्ट जानकारी दी जा रही है. पीड़ित बाबूलाल के पुत्र रामस्वरूप का कहना है कि जब उन्होंने तहसील में जानकारी ली तो बाबू ने कहा कि आवेदन देखना पड़ेगा. विडंबना इसके छह माह बाद आवेदन मिलने की बात सामने आई और तत्कालीन नायब तहसीलदार द्वारा आवेदन विजय बाबू के पास भेजे जाने की जानकारी दी गई. जब बाबूलाल के पुत्र ने विजय बाबू से संपर्क किया तो उन्होंने मुआवजा राशि खाते में जमा होना बताया. इधर बैंक खाते की जांच कराने पर राशि बैंक खाते में नहीं पाई गई. तहसील कार्यालय में लंबी जद्दोजहद के बाद आवेदक को पता चला कि आवेदन के आधार पर मुआवजा राशि के लिए सिर्फ डिमांड भेजी गई है.

# सीएम आज करेंगे स्वच्छ जल अभियान का शुभारंभ

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 9 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को शाम 5 बजे मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से स्वच्छ जल अभियान का शुभारंभ करेंगे.** यह अभियान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ शुरू होगा. अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रदेश के महापौर, नगरपालिका निगम, नगरपालिका परिषद, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे. अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल गुणवत्ता का व्यापक परीक्षण करना है. साथ ही जल आपूर्ति प्रणाली में लीकेज, दूषित जल की पहचान कर समय पर सुधार करना, जिससे जल-जनित बीमारियों से बचाव हो सके.


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग, भोपाल म.प्र.
### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 35/व.ले.लि./2025-26 — भोपाल, दिनांक 7/1/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_PWDRB _473813_1 | उपसंभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत प्रशासन अकादमी से मनीषा मार्केट मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण (जल भराव भाग) कार्य. | प्रथम आमंत्रण | 435.41 | 435410 |
| 2. | 2026_PWDRB _473815_1 | उपसंभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत जे.पी. हॉस्पिटल के आंतरिक मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण का कार्य. | प्रथम आमंत्रण | 74.18 | 74180 |
| 3. | 2026_PWDRB _473816_1 | उपसंभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत रोड नं. 2 डिपो चौराहा से बी.जे.पी. कार्यालय मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण (जल भराव मार्ग) कार्य. | प्रथम आमंत्रण | 266.08 | 266080 |
| 4. | 2026_PWDRB _473817_1 | उपसंभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत मेन रोड नं. 3 बांसखेड़ी से अरेरा पेट्रोल पम्प मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण (जल भराव भाग) कार्य. | प्रथम आमंत्रण | 165.95 | 165950 |
| 5. | 2026_PWDRB _473818_1 | उपसंभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत कोटरा सुल्तानाबाद 150 चौड़ा मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण (जल भराव मार्ग) कार्य. | प्रथम आमंत्रण | 50.00 | 50000 |
| 6. | 2026_PWDRB _473819_1 | उपसंभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शाहपुरा बावड़िया कलां मार्ग रोड क्र.- 43A मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण का कार्य. | प्रथम आमंत्रण | 160.19 | 160190 |
| 7. | 2026_PWDRB _473820_1 | उपसंभाग क्र-3 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत कोटरा सुल्तानाबाद मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण का कार्य. | प्रथम आमंत्रण | 50.00 | 50000 |
| | | | योग | 1201.81 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा. निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 19/1/2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है. विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है.

G24159/25 — कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि., भोपाल म.प्र.

## M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LIMITED

(Govt. of M.P. Undertaking)
Nishtha Parisar, Bijalee Nagar, Govindpura, Bhopal-23
Phone No. : 0755-2602033-36, Fax : 2589821, 2586636

Ref. : MD/MK/04/Abgd.NIT/4245 — Date : 09.01.2026

### TENDER NOTICE

MPMKVVCL, Bhopal, invites Online bids from Agencies for Supply & Execution of below mentioned works as per Tender Specfication under RDSS Scheme :-

| Tender Specification Number | Particulars | Lot & Name of Circle | Approx. Value (Rs. Lakh) | Tender Fee Including GST @18% (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| MD/MK/ 04/1273 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of New 11 KV Line for Bifurcation & Interconnection, Additional 11KV Bay at 33/11KV Substation, Augmentation of Conductor of 11KV Lines, Additional Distribution Transformer substations with associate New 11KV Lines, LT Line on AB Cable, Conversion of bare LT Line with AB Cable, Augmentation of LT AB Cable, 11KV Line crossing Agriculture & Non Agriculture feeder, other associated work and supporting works such as DP's, TP's, Crossing etc., Package-VI B {Lot-XI-B-II (Mehgaon Division) under Bhind O&M Circle of MPMKVVCL, Bhopal Company Area under RDSS. | Lot-XI-B-II (Mehgaon Division of Bhind Circle) | 2114.47 | 11800.00 |
| MD/MK/ 04/1274 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of New 11 KV Line for Bifurcation & Interconnection, Additional 11KV Bay at 33/11KV Substation, Augmentation of Conductor of 11KV Lines, Additional Distribution Transformer substations with associate New 11KV Lines, LT Line on AB Cable, Conversion of bare LT Line with AB Cable, Augmentation of LT AB Cable, 11KV Line crossing Agriculture & Non Agriculture feeder, other associated work and supporting works such as DP's, TP's, Crossing etc., Package-VI B {Lot-XI-B-I (Gohad Division) under Bhind O&M Circle of MPMKVVCL, Bhopal Company Area under RDSS. | Lot-XI-B-I (Gohad Division of Bhind Circle) | 1210.95 | 11800.00 |

**Date of Pre-Bid Meeting : 15.01.2026 at 03:30 PM**
**Date of Opening of Tender : 23.01.2026 at 03.30 PM**
**Other details are available on Company website https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/123916/2026 — CHIEF GENERAL MANAGER (PROC.)